श्री अमरेन्द्र कुमार, माननीय स०वि०स० से प्राप्त प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं०–312/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं०–312/2026	उत्तर प्रतिवेदन
औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के तेजपुर से निकली नहर हसपुरा प्रखंड होते हुए अरवल जिला के करपी प्रखंड के माली गांव तक जाती है। इस नहर को माली लाइन के नाम से जाना जाता है। इस नहर के र्जजर हो जाने के कारण सिंचाई का पानी अन्तिम छोर तक नहीं पहुंच पाता है। इस के लिए नहर का जिर्णोद्धार पक्कीकरण और स्लूइस गेट का निर्माण आवश्यक है। इसके लिए हमलोगों ने विभागीय पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों से कई बार निवेदन किया है। अतः उपरोक्त नहर के जीर्णोद्धार, पक्कीकरण और स्लूइस गेट के निर्माण कराने हेतु हम आपके समक्ष विनम्र याचना करते हैं।	माली वितरणी पटना मुख्य नहर के कि0मी0 22.90 (दायें) से निःसृत है, जिसकी कुल लम्बाई 41.60 कि0मी0, रूपांकित जलस्राव 325 क्यूसेक तथा कुल कमाण्ड क्षेत्र 14918 हेक्टेयर है। माली वितरणी के उपरी भाग में खरीफ अवधि में पानी की अत्यधिक मांग होने के कारण अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने में कठिनाई होती है। जिसे तांतील सिंचाई व्यवस्था लगाकर सुचारू रूप से स–समय जलस्राव प्रवाहित करते हुए उक्त वितरणी के माध्यम से खरीफ सिंचाई अवधि 2025 में खरीफ लक्ष्य 14918 हेक्टेयर एवं रबी सिंचाई लक्ष्य 5220 हेक्टेयर के विरूद्ध शत प्रतिशत सिंचाई उपलब्ध करायी गई है। आगामी खरीफ अवधि 2026 में आवश्यकतानुसार सम्पोषण कार्य एवं जल की मांग के अनुसार तांतील सिंचाई व्यवस्था लगाते हुए अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। वर्तमान में माली वितरणी का जिर्णोद्धार, पक्कीकरण और स्लूइस गेट निर्माण कार्य का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–03–16/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–342 दिनांक–10.04.2026 के आलोक में प्रतिहस्ताक्षरित याचिका सं0–312/26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–16 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–16 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–16 / 2026 3039 पटना / दिनांक : 3/6/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव